तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 उखरा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली ...



14 समाज को आगे बढ़ाने माता-पिता बच्चों को ...



## खबर संक्षेप

### 140 बोतल शराब जब्त

**महासमुंद।** पुलिस ने सितली नाला स्थित शराब दुकान के पास से एक युवक के कब्जे से 140 बोतल शराब जब्त किया है। सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सितली नाला देशी शराब दुकान के बाजू में एक बोरी में शराब एकत्रित कर रखा है। मआरोपी लक्की गिरी गोस्वामी (19 वर्ष) निवासी आमाकोनी वार्ड न 07 थाना खल्लारी के कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 140 पौवा कीमत 11200 रुपए को जब्त किया।

# फूट ओवरब्रिज की नींव लोगों के घर के सामने से, बढ़ेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज निर्माण निरस्त करने की मांग की गई

शहर के तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग में प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज के निर्माण की आवश्यकता नही होने पर इसे निरस्त करने की मांग की गई। इस संबंध में आसपास के नागरिकों ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर इसकी मांग दोहराई है। नागरिकों की मानें तो जल्द ही इसके लिए जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में तुमगांव रोड रेल्वे क्रॉसिंग में फुट ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके निर्माण के लिए चूना से मार्किंग कार्य शुरु हो चुका है। बता दें कि यह बात सामने आई है कि इस निर्माण से आसपास के रहवासियों के आवाजाही और निस्तारी हेतु मार्ग व नाली आदि बंद हो जाएगा। फुट ओवरब्रिज के निर्माण से यहां के 20-25 घरों के रहवासियों को निस्तारी के लिए भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। कई निवासियों के तो मकान में प्रवेश को के लिए भी रास्ता नही बचने की स्थिति नजर आ रही है।

## नागरिकों ने फूट ब्रिज को बताया अनावश्यक, निर्माण रोकने रेल मंत्री को लिखा पत्र



### अनावश्यक थोपा जा रहा फूट ब्रिज

आसपास के नागरिकों अमरजीत सिंह खालसा, विनोद साहू, सोमेश साहू, विकास कुकरेजा सहित अन्य की मानें तो इस ब्रिज की आवश्यकता के संबंध में कभी कोई मांग नही की गई। इस निर्माण को अनावश्यक तौर पर केवल बजट खर्च के लिए थोपा जा रहा है जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी। नागरिकों ने तुमगांव रोड रेलवे क्रॉसिंग पर पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज निर्माण को निरस्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## समस्या : नगर के बस स्टैंड में यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव, पालिका का रवैया उदासीन

# बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में न पंखे चल रहे, न ठंडे पानी की व्यवस्था, यात्रियों को हो रही परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- तेज गर्मी के चलते यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी नहीं

मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। भीषण गर्मी के चलते यहां यात्रियों को न तो पीने के लिए पानी की व्यवस्था है और नही हवा। ठंडी हवा तो दूर यहां के बंद पड़े पंखों की भी कोई सुध लेना वाला नही है। बस स्टैंड में दो पंखे लगे हैं वह भी बंद पड़े हुए हैं। और प्रतीक्षालय की कुर्सियां भी टूट चुकी है।

गर्मी बढ़ते ही तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बस स्टैंड के पीछे लगा वाटर एटीएम का लोग उपयोग करना नहीं जानते हैं और न ही किसी भी व्यक्ति को पानी नसीब हो रहा है। ठंडे पानी के लिए वाटरकूलर भी नहीं है। न ही नगर पालिका ध्यान दे रही है और न ही शहर के जनप्रतिनिधि इसकी सुध ले रहे हैं। थोड़ा विश्राम करने के लिए पहुंचने वाले यात्रियों को केवल असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के दिलीप कश्यप ने बताया कि बस स्टैंड के संबंध में उच्च अधिकारी ही बता सकते हैं।

गुरु घासीदास बस स्टैंड के भवन के छत के प्लास्टर उखड़ रहे हैं। सीलिंग की मरम्मत नहीं हो रही है। गुरु घासीदास बस स्टैंड नाम लिखने के लिए बनाया गया स्ट्रक्चर कभी भी यात्रियों पर गिर सकता है, इसके बाद भी इसे हटाने के लिए नगर पालिका ध्यान नहीं दे रही है। छतों से लोहे की रॉड भी अब बाहर दिखाई देने लगे हैं।



### यात्री प्रतीक्षालय नहीं

बागबाहरा जाने वाले मार्ग में यात्री प्रतीक्षालय दिखाई ही नहीं देता है। यहां लोग गार्डन में बैठकर बस का इंतजार करते हैं। राजिम और बागबाहरा जाने के लिए बस यहीं खड़ी होती है।

### नहीं मिली जगह

पूर्व में नया बस स्टैंड बनाने के लिए जगह का चिह्नांकन भी लभराखर्द व खैरा के पास कर लिया गया था, लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने ही बस स्टैंड बनाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। वर्तमान नगर सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

### ऑटो स्टैंड भी नहीं

बस स्टैंड में बसों के खड़े होने के लिए जगह नहीं है। आटो को भी स्टैंड नहीं मिल पाता है। इस कारण कोई निजी वाहन बस स्टैंड में खड़े हो जाता है तो विवाद की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा बसों को आने-जाने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता है।

## पान ठेला में सट्टा, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मुनगासेर के एक पान ठेला में सट्टा का संचालन कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाजार चौक मुनगासेर ब्रम्हा धीवर का पान ठेला में ब्रम्हा कुमार धीवर लोगों से रुपए पैसों का दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम ब्रम्हा कुमार धीवर पिता दयाराम धीवर (35 वर्ष) मुनगासेर का निवासी होना बताया एवं उक्त सट्टा पट्टी एवं सट्टे की नगदी रकम पुखराज पुरी गोस्वामी पिता धनुष पुरी गोस्वामी (43 वर्ष) खाड़ादरहा लक्ष्मीपुर थाना बागबाहरा को देना बताया। तलाशी आरोपी के कब्जे से नगद रकम 2300 रुपए, मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 6 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेला देखकर लौट रहे बाइक सवारों को एक कार ने टक्कर दिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मामला सरायपाली थाना अंतर्गत मेन रोड डोंगरीपाली के पास का है। रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को देवा नागवंशी अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केबी 3667 में अपने साथी ध्यानचंद एवं श्यामलाल नागवंशी के साथ ग्राम देवसागर मेला देखकर वापस आ रहा था महाजन पटेल के घर के सामने मेन रोड डोंगरीपाली के पास पहुंचने पर सामने से आ रही वैगनआर क्रमांक सीजी 04 केएक्स 4294 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर सायकल में बैठे देवा नागवंशी, ध्यानचंद मुंडा की मौके पर मौत हो गई और श्यामलाल नागवंशी को घायल अवस्था में शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया गया है।मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281,125(ए) 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कर्मचारियों के लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सुशासन तिहार अंतर्गत जिलाध्यक्ष शर्मा ने किया ऑनलाइन आवेदन

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला महासमुंद के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा द्वारा कर्मचारियों की 02 महत्वपूर्ण एवं लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।



उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार द्वारा जुलाई 2019 से जनवरी 2021 तक शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को पेंडिंग रखा गया जिसके कारण किसी प्रकार एरियर्स राशि भुगतान भी नहीं की गई जिससे कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। चुनाव के दौरान केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने की घोषणा को मोदी की गारंटी बताया गया जिसके कारण कर्मचारियों ने विश्वास किया परंतु सरकार बनने के बाद वर्तमान सरकार भी मोदी की गारंटी पूरी करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। साथ ही शासकीय सेवकों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अधिकतम 50 हजार रुपये प्रदान करने की योजना काफी पुरानी है जबकि वर्तमान में महंगाई की दर काफी बढ़ चुकी है। मध्यप्रदेश सरकार ने वर्तमान महंगाई दर के अनुरूप अनुग्रह राशि की सीमा 1 लाख 25 हजार कर दी है। छत्तीसगढ़ सरकार से भी अनुग्रह राशि की सीमा में वृद्धि करने की मांग की गई है। शर्मा द्वारा आवेदन क्रमांक 25544612900011 के अंतर्गत महंगाई भत्ते को निर्धारित दर के अनुसार एरियर्स सहित भुगतान करने तथा आवेदन क्र. 25544612900012 के अंतर्गत अनुग्रह राशि में वृद्धि की मांग की गई है।

# चौथे सत्र की मान्यता के लिए तैयारी प्रारम्भ एनएमसी टीम अगले महीने देगी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चौथे सत्र की मान्यता के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन तैयारी में जुट गया है। मई महीने में एनएमसी की टीम निरीक्षण के लिए आ सकती है। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ कम है और आधुनिक सुविधाएं भी नहीं हैं।

मेडिकल कॉलेज ने नए सत्र में 125 छात्रों का प्रवेश होना है। वर्तमान में लगभग 375 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। तीन बैच की पढ़ाई हो रही है। नए सत्र की मान्यता प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा ऑनलाइन दस्तावेजों को अपलोड किया जा रहा है। इधर, मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है।



मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी बनी हुई है। इसके अलावा स्टॉफ की भी भर्ती नहीं हो पाई है। मेडिकल कॉलेज ने प्रस्ताव शासन को भेजा था, लेकिन अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। स्टॉफ और संसाधन के अभाव में प्रति वर्ष मान्यता का खतरा बना रहता है। एनएमसी की टीम ने पिछले वर्ष ऑनलाइन ही जायजा लिया था। इस बार टीम निरीक्षण करने आ सकती है। मेडिकल कॉलेज को सभी जरूरी तैयारियां पूरी रखने के लिए कहा गया है। एनएमसी की टीम पढ़ाई, स्टॉफ, फैकल्टी, चकित्सा सुविधाएं, छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा आदि देखने के बाद मान्यता की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी। मेडिकल कॉलेज के अलख राम वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड किया जा रहा है।

### कॉलेज का निर्माण

मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य जारी है। पहले चरण में अकादमिक भवन, स्टॉफ क्वार्टर, छात्रों के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने समय लगेगा। इसलिए शहर में विभिन्न संस्थाओं के भवनों का अधिग्रहण किया गया है।

### सीटी स्कैन के लिए अनुबंध की तैयारी

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल द्वारा सिटी स्कैन मशीन की सुविधा के लिए एक निजी अस्पताल से करार करने की तैयारी चल रही है। हालांकि, निजी अस्पताल शहर के दूसरे छोर पर स्थिति होने से मरीजों को सिटी स्कैन के लिए लंबी दौड़ लगानी पड़ सकती है। सिटी स्कैन मशीन के लिए शासन को कई बार प्रस्ताव भेजने के बाद भी अब तक मशीन पहुंची नहीं है। इससे मरीज परेशान हैं। बजट में भी सिटी स्कैन मशीन के लिए राशि स्वीकृत हुई है, लेकिन कब तक मशीन मिलेगी, अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं।

### छात्रावास की होगी दिक्कत

पिछले सत्र में नए छात्रों को रहने के लिए हॉस्टल की दिक्कत हुई थी। इस वर्ष भी लगभग 125 छात्र चौथे सत्र के लिए आएंगे। ऐसे में छात्रावास के लिए मेडिकल कॉलेज को भवन खोजने में जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। एनएमसी की टीम व्यवस्थाओं को देखने के बाद भी नए सत्र के लिए मंजूरी प्रदान करेगी। फिलहाल, मेडिकल कॉलेज का भवन नहीं बनने से सुविधाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है।



**खबर संक्षेप**

## निस्तारी का ऐसा संकट... तालाब-एनीकट भरने 20 बांधों से छोड़ा गया पानी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलसंकट से निपटने गांवों से मांग आने पर निस्तारी के लिए बांधों से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों इस संबंध में हुई बैठक में गर्मी के दौरान पेयजल की कमी से निपटने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बांधों के पानी से तालाब भरने के निर्देश दिए थे। प्रदेश के बांधों में पानी उपलब्धता के अनुसार पिछले एक पखवाड़े में बांधों में 45.69 प्रतिशत जलभराव था, जो घटकर 36.36 प्रतिशत हो गया है। 20 बांधों से गांवों के तालाब और एनीकट में पानी भरने का प्रयास किया जा रहा है। कई बांधों में तेजी से पानी कम होता जा रहा है, सिंचाई विभाग पानी छोड़ने के साथ ही इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। प्रदेश में इस साल मार्च से ही गांवों में पानी की किल्लत हो रही है। यहां निस्तारी के लिए पानी का मांग उठने लगी है। वहीं पिछले साल की तुलना में इस बार बांधों में 20 से 30 फीसदी जलभराव कम है। अधिकतर बड़े जलाशयों में बारिश में पर्याप्त जलभराव हुआ है, लेकिन अब मार्च के अंत तक आते-आते बांधों में जलभराव का स्तर कम होने लगा है।

### परंपरा : विलुप्त होती नाट्यकला को बचाए रखने की चुनौती

# अनवरत 72 वर्षों से हो रहा रामनवमी के अवसर पर रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकास खंड से महज 6-7 किलोमीटर की दूरी पर बसा है छोटा सा गांव बड़ेपंधी। जहां के ग्रामीण पिछले 72 वर्षों से अनवरत रामनवमी के अवसर पर रामलीला का मंचन कर न सिर्फ लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं बल्कि लोगों में आध्यात्मिक चेतना भी जगा रहे हैं। यहां के ग्रामीणों को बचपन से ही रामायण की कथा मुंहजुबानी याद हो जाती है।

प्रतिवर्ष रामनवमी के अवसर पर बड़े पंडी में राम जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी पूर्णमासी नाट्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा संगीत मय रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से कला प्रेमी पहुंच रहे हैं। ग्राम बड़ेपंधी संस्कृति, कला और भक्ति का त्रिवेणी संगम बना हुआ है जहां रोज भक्त डुबकी लगा रहे हैं। प्रसिद्ध कलाकार घनसुंदर ने बताया कि सोशल मीडिया के इस युग में नाट्य विधा एक तरह से विलुप्त होने की कगार पर है। प्राचीन समय में नाटक न सिर्फ



मनोरंजन का साधन था बल्कि लोक चेतना जागृत करने का उपयुक्त मंच भी था। बड़ेपंधी में जिस रामलीला का मंचन किया जाता है वह उड़िया साहित्यकार बालुंकेश्वर द्वारा रचित उड़िया रामायण से उद्धृत गीति नाट्य है। ग्रामीण बताते हैं कि स्व. मोहनलाल भोई, स्व पूर्णचंद्र भोई, स्व.गौरांग प्रधान, कलाकारों को तराश कर उनके व्यक्तित्व के अनुरूप संवाद एवं गीतों की रचना कर उनमें हास्य का पुट भरकर एक सुंदर नाटक का संयोजन किया गया है। आज भी इस नाटक कला को ग्रामीण पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित करने का काम कर रहे हैं। मगर आज की नई पीढ़ी जिस तरह साहित्य, कला और संस्कृति से विमुख हो रही है उसको देखते हुए नाटक कला को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती है।

रामलीला का मंचन उड़िया भाषा में किया जाता है जो ग्रामीणों की मातृभाषा है। बच्चे रामायण के पात्रों के चरित्र को न सिर्फ आसानी से समझ पाते हैं बल्कि उनके चारित्रिक गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इस बार छात्रों की परीक्षा मार्च में ही समाप्त होने से रामलीला को लेकर भारी उत्साह है। शाम ढलते ही रंगमंच के आसपास अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए बैठने के लिए दरी बिछा देते हैं और जैसे ही नाटक प्रारंभ होता है लोगों की हुजूम उमड़ पड़ता है।

सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश भोई ने बताया कि बड़ेपंधी के लिए यह पर्व कला संस्कृति से जुड़ा हुआ है। रामलीला ग्रामीणों को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। 9 दिनों तक गांव में शुद्ध सात्विक भोजन बनता है तथा लोग स्वप्रेरित होकर नशा पान से दूर रहते हैं। संध्या कालीन आरती में समस्त ग्रामीण शामिल होकर 1 घंटे तक हरे राम हरे कृष्ण का महामंत्र का सामूहिक जाप करते हैं। इस आयोजन से निश्चित रूप से ग्रामीणों में एक आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है।

### नारी पात्र का अभिनय भी पुरुष करते हैं

अब तक 5 रात नाटक का मंचन हो चुका है पंचम दिवस किष्किंधा कांड, राम सुग्रीव मिलन एवं बाली वध का मंचन हुआ। नाटक में जिस पात्र का अभिनय जिसको दिया जाता है उसी के अनुरूप उसका मेकअप किया जाता है। इस नाटक की एक विशेषता यह भी है की नारी पात्र का अभिनय भी के पुरुष करते हैं। मुख्य अभिनय में राम का पात्र घनसुन्दर भोई, लक्ष्मण प्रमोद भोई, हनुमान कुलदीप बारीक, बाली बीरेंद्र प्रधान, सुग्रीव संजय प्रधान, तारा सुरेंद्र भोई, अंगद धीरज भोई, और मंत्री की भूमिका महेश भोई ने निभाई, . अन्य कलाकारों में बीरबल प्रधान, उसत प्रधान, जयदेव भोई, गणपति बारीक, विजय गिरी, साधुराम, संतोष, नाटक का एक अभिन्न अंग संगीत होता है जिसमें पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है जिसमें ढोलक मंजीरा विशेष भूमिका होती है ढोलक वाद्य कलाकार दाशरथी भोई सूरदास होने के बावजूद भी सुमधुर ढोलक बजाकर लोगों को सम्मोहित कर देते हैं। रामलीला मंचन में नीलाम्बर गड़तिया, दुर्बादल प्रधान, मथामणी, लिंगराज, नारायण, जयदेव भोई, चक्रधर, विजय प्रधान, लक्ष्मीधर बारीक, योगेंद्र नंदे, तेजराम सेठ, तरणी सेन प्रधान, मेकअप कलाकार आरतभंजन, मदन बारीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती मंजुलता भोई ने इस आयोजन के लिए अपना तन, मन, धन देने के लिए ग्रामवासियों और कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। आगामी दिनों सुंदरकांड, लंकाकांड, उत्तरकांड और रामराज्य की प्रस्तुति होगी। जिसमें दर्शक नए-नए कलाकारों के कला को देखने के लिए उत्सुक हैं।

## खल्लारी के चैत्र पूर्णिमा मेला का जनपद अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला के ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थस्थल खल्लारी के ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने किया अतिविशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, अध्यक्षता अध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट समिति खल्लारी विनोद त्रिवेदी, खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, विशेष अतिथि सभापति गरिमा केशव चंद्राकर, भूमिका रामजीलाल सिन्हा सभापति, तुलाराम ठाकुर सभापति, सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर, सभापति दिव्या उपेंद्र दीवान, सभापति थनेश्वरी प्रहलाद साहू, सभापति लताकुमारी जनकराम पांड़े, सभापति भगवती राजकुमार ठाकुर, सभापति गीता दीवान, जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, जनपद सदस्य मानबाई मंगलूराम ठाकुर, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, जनपद सदस्य भूपेंद्र दीवान, जनपद सदस्य लोचनराम पटेल, जनपद सदस्य तारेश्वरी पिलेश्वर पटेल, जनपद सदस्य जामिन ठाकुर, जनपद सदस्य पारस सांखला, जनपद सदस्य रेणुका धनीराम मरकाम, जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, जनपद सदस्य रूखमणी विश्वनाथ साहू, जनपद सदस्य धनंजय साहू , जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, उपसरपंच तारेश साहू के अतिथियों में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस मौके पर जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि यह मेला वर्षों से चला आ रहा है। इस दौरान ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव के लोक कला संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन 12, 13, 14 अप्रैल को रात्रिकालीन आयोजन भी किया गया।

## खजूर नहीं, बरगद की तरह छायादार बनकर समाज की सेवा करें जनप्रतिनिधि : नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुअरमाल परिक्षेत्र कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को वनांचल क्षेत्र के ग्राम भलेसर में श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा और डड़सेना वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने समाज और जनप्रतिनिधियों को नई दृष्टि देने वाला उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. नीरज ने हालिया पंचायत चुनावों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे समाज सेवा में केवल ऊंचाई नहीं, व्यापकता भी लाएं। उन्होंने कहा कि खजूर की तरह अकेले ऊंचे नहीं, बरगद की तरह फैलकर छायादार बनें। जो सबको अपनी छांव में जगह देता है, वही सच्चा जनसेवक होता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे समाज के हर व्यक्ति को समान दृष्टि से देखें, मार्गदर्शन करें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं।

समाज के जिला संरक्षक ईश्वर सिन्हा ने वैवाहिक आयोजनों में हो रहे अनावश्यक खर्चों पर चिंता जताई और सनातन परंपराओं के अनुरूप सादगीपूर्ण विवाह की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि समाज यदि रीति-रिवाजों की मर्यादा में रहेगा, तो नई पीढ़ी को भी सही दिशा मिलेगी। अधिवेशन में मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा (पिथौरा), दानेश्वर सिन्हा (खल्लारी), युवा मंच अध्यक्ष दौलत



सिन्हा और शिक्षक मुरलीधर सिन्हा ने भी समाज में शिक्षा, रोजगार और संस्कृति के विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडलेश्वर प्रेमशंकर सिन्हा ने समाज के प्रबुद्ध और होनहार लोगों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। संचालन पूर्व सरपंच बलराम सिन्हा और डिगन सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर पंचायतों के विभिन्न पदों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि सरपंच खेमराज सिन्हा (मोंगरापाली), खिलेश्वरी सिन्हा (खट्टी) समेत पंचों का सामाजिक अभिनंदन किया गया। अधिवेशन में जिला उपाध्यक्ष भूखनलाल सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष कल्पना सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर तुकनंदन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमन सिन्हा, आत्माराम गजेंद्र, सचिव कंवल सिन्हा, खोलराज छोटू डड़सेना (जिलाध्यक्ष, नुआपाड़ा), ईश्वर सिन्हा, भुखऊ सिन्हा, कंचन सिन्हा, हेमंत सिन्हा, चिंताराम सिन्हा, गैंदलाल सिन्हा, नरसिंह सिन्हा और नेताराम सिन्हा सहित प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर के अनेक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## धूल खा रही डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा

**बसना।** नगर पंचायत बसना में लगभग 2 वर्ष पूर्व से शासन द्वारा निर्मित आदम कद कास्य की प्रतिमा का अनावरण आज तक नही हुआ नगरवासियों एवं बाबा साहब के अनुयायिओं में आस थी कि आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण होगा लेकिन आज भी प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया नगर पंचायत बसना के पार्षद मनोज गहेरवाल का कहना है कि बड़ा ही दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के राजनीतिक स्वार्थ के लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा धूल खा रही है। बाबा साहब के पूर्ण होने के बाद भी सालो तक प्रतिमा का धूल खाना बाबा साहब का अपमान है और अपमान सिर्फ बाबा साहब के प्रतिमा का ही नहीं बल्कि तमाम आरक्षित वर्ग से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अपमान है। बाबा साहब के संविधान के बदौलत प्रशासन में सेवा दे रहे उन सभी अधिकारियों कर्मचारियों का भी अपमान है वही छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के उपाध्यक्ष शुभसिंह जगत का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के जन्म दिवस पर सामाजिक समरसता कार्यक्रम कर दिखावा कर रही है जल्द ही बाबा साहब के प्रतिमा का अनावरण नहीं किया जाता है तो संपूर्ण भारत के बाबा साहब के अनुयायी प्रतिमा का आवरण करेंगे

## आंबेडकर ने देश की प्रगति व एकता के लिए सभी के अधिकारों की रक्षा करने पर पुरजोर बल दिया : रश्मि

**महासमुंद।** भाजपा डा. भीमराव अंबेडकर का आदर नहीं करती है। इसीलिए भारतीय संविधान लागू होने पर भाजपा ने उसकी प्रतियां जलाईं थी। महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है बाबासाहेब डॉ अंबेडकर ने हम देशवासियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित, भारत का संविधान दिया जो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए सबसे शक्तिशाली औजार है।



आगे डॉ रश्मि ने कहा कि अंबेडकर ने देश की प्रगति व एकता के लिए सभी के अधिकारों की रक्षा करने पर पुरज़ोर बल दिया। आगे डॉ रश्मि ने बीजेपी और आरएसएस पर आरोप लगाया कि ये लोग बाबासाहेब के शत्रु हैं। चुनाव में बाबासाहेब को हराने के लिए विनायक दामोदर सावरकर और कम्युनिस्ट नेता एस ए डांगे जिम्मेदार थे। डॉ रश्मि चंद्राकर ने दावा किया कि जिन लोगों ने संविधान की प्रति जलाई, उनके चेले आज सत्ता में बैठे हैं। इस कारण नगर पंचायत बसना में बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण नहीं हो पा रही है। नगर पंचायत बसना में लगभग 2 वर्ष पूर्व से शासन द्वारा निर्मित डॉ भीम राव अंबेडकर की आदम कद कास्य की प्रतिमा का अनावरण आज तक नही हो पाया है। नगरवासियों एवं बाबा साहब के अनुयायियों में आस थी कि 14 अप्रैल को उनके जन्म दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण होगा लेकिन प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बड़ा ही दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के राजनीतिक स्वार्थ के लिए बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा धूल खा रही है। प्रतिमा पूर्ण होने के बाद भी सालों तक अनावरण न होना बाबा साहेब का अपमान है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान करना उनकी संविधान विरोधी सोच को उजागर करता है। भाजपा डा. भीमराव अंबेडकर का आदर नहीं करती है। इसीलिए भारतीय संविधान लागू होने पर भाजपा ने उसकी प्रतियां जलाईं थी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर रामायण पाठ का आयोजन

### विधायक द्वारिकाधीश यादव ने की शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तुसदा में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम में आगमन पर ग्रामीणों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री हनुमान जी एवं राम दरबार की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात आयोजित रामायण पाठ में भक्ति रस की धारा बह चली।जिसमें सभी श्रद्धालुओं भक्ति रस की सरिता का आनंद प्राप्त किया ।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में श्री हनुमान जी के अद्भुत चरित्र, उनकी भक्ति, सेवा और समर्पण भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि हनुमान जी न केवल शक्ति और बुद्धि के प्रतीक हैं, बल्कि वे आदर्श सेवक, सच्चे भक्त और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य अनुयायी भी हैं। आज की पीढ़ी को उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर जीवन में सेवा, समर्पण और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

विधायक यादव ने यह भी कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्रीराम और हनुमान जैसे चरित्रों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सेवाराम साहू, ढेलू राम यादव, सुकरू राम साहू, धर्म सिंह दीवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर पूरे गांव का वातावरण रामभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### रामकथा का आयोजन हुआ

**बागबाहरा।** ग्राम पंचायत बकमा में हनुमान जन्मोत्सव पर 3 दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दुबे, ग्राम के सरपंच लिलेश्वर साहू, उपसरपंच कमल नारायण साहू, पूर्व सरपंच वीणा मिलन साहू एवं पूर्व जनपद सदस्य दिव्या कमल साहू उपस्थित थे।



### बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

**बागबाहरा।** ग्राम पंचायत बकमा में 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच लिलेश्वर साहू, उपसरपंच कमल नारायण साहू, ज्ञानचंद, असराज पटेल, गांव प्रमुख सफी मोहम्मद, हेमलाल साहू, कंवल साहू, पंचगण कोमल बंछोर, तुलाराम साहू, कीर्तन बाघ, पंचू नेताम, कौशिल्या नायक आदि उपस्थित थे।



### आदिवासी युवा प्रभाग ने मनाई अंबेडकर जयंती

**बसना।** भंवरपुर सर्व आदिवासी भवन में आदिवासी युवा प्रभाग द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें सरायपाली बसना क्षेत्र के आदिवासी युवा और आदिवासी समाज के समाज के सगाजन उपस्थित थे, बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। साथ ही युवाओं ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए गए मार्ग पर चलने का तथा नशा मुक्ति और समाज सेवा का संकल्प लिया। जिसमें आदिवासी युवा प्रभाग के अध्यक्ष देव ठाकुर, नीलमणि सिदार, मनोज सिदार, टिकेश्वर मरकाम, राजेंद्र सिदार, करताल सिंग जगत, ललित दीवान, दीपक जगत, सिंधु जगत, रानी जगत, प्रकाश सिंग पालेश्वर, अर्जुन सिंग नेताम, युवराज सिंग सिदार, भूपेंद्र सिदार, जागेश्वर सिंह, आदि उपस्थित थे।



### पिथौरा ग्रामीण मंडल द्वारा बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

**पिथौरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पिथौरा ग्रामीण द्वारा ग्राम बुंदेली में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल पिथौरा ग्रामीण के अध्यक्ष नीलकंठ साहू ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और समावेशी समाज की नींव रखी। उनका जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है, जिससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्यारेलाल नायक, ग्राम पंचायत ठाकुरदिया खुर्द के सरपंच मनोज सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी टेकलाल डड़सेना, अभय शर्मा, राजकिशोर बंजारे, शंकरलाल पटेल, बुंदेली सरपंच रवि निषाद, घनश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### खाडादरहा में डॉ आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन खाड़ादरहा में डां भीमराव अंबेडकर की जन्म दिवस 14 अप्रैल को जंयती के रूप मनाया गया इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद उपस्थित रहे। उन्होंने डां भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर पूजा अर्चन व माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन कहा कि वे संविधान के निर्माता और समाज सुधारक थे। इस अवसर पर रूपेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण मुकेश कुमार चंद्राकर सहकारी समिति अध्यक्ष मुनगासेर, हरीश कुमार जगत सरपंच खाड़ादरहा प्रकाश पटेल मंडल महामंत्री युवा मोर्चा नारायण पटेल, देवलाल पटेल उप सरपंच कोमल साहू, चेतन पटेल, लल्लू ठाकुर, सक्रिय महिला श्वेता साहू, लक्ष्मी पटेल समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**सरायपाली।** बीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन में एवं सब्या पटेल (विभागाध्यक्ष -रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस₹ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ .राजेश डोरिया (सहायक प्राध्यापक) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (एन.आई.टी) छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में रसायन अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ. एमके देव (प्राध्यापक), डॉ एम .के राय (प्राध्यापक) एवं डॉ कमलेश श्रीवास मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता डॉ राजेश डोरिया द्वारा साइबर सिक्योरिटी, पेट डॉग, क्लीनिंग रोबोट, चेट जीपीटी, सीरी, अलेक्सा डिवाइस, आईबीएम द्वारा निर्मित वाटसन सॉफ्टवेयर, वर्किंग आफ एआई की परिपेक्ष में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग से अनिल गुप्ता (अतिथि व्याख्याता), जेपी मरकाम (सहायक प्राध्यापक जेबीएस) पी बाघ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाखागढ़ में धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

# पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा : बाबा साहेब ने देश को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की राह दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



ग्राम पंचायत लाखागढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, शशि डडसेना, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, अशोक चौधरी, सरपंच प्रियरंजन कोसरिया, आलोक त्रिपाठी, कुलदीप अग्रवाल समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहेब अंबेडकर ने देश के सभी नागरिकों को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार दिया। उन्होंने जाति, धर्म, भाषा और वर्ग के भेदभाव को समाज से दूर करने का कार्य किया। आज का दिन हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि संविधान की शक्ति से ही भारत आज इस मुकाम पर पहुंचा है, और यह सब बाबा साहेब की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन सरपंच प्रियरंजन कोसरिया ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, जतिन ठक्कर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल, उपसरपंच पंचराम मठियारा, शिव पटेल, किशोर पटेल, दुर्गेश सिंहा, बाबा सिकंदर कोसरिया, राजेश गोयल, देव सिन्हा, रमेश श्रीवास्तव, सुमित सिंघल, सुधीर प्रधान, तिलक यादव, देव कोसरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कोमाखान में मनाई गई आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

भीमराव अंबेडकर की जयंती कोमाखान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को याद किया गया एवं उनके विचारों को लोगों को बताया गया जिसमें सरपंच जमा बाई ठाकुर,उपसरपंच हिरेंद्र उपाध्याय, गोरखनाथ यादव, कुमार सिंह ठाकुर, पंकज जैन, मनोज चौधरी, दैवज्ञ चंद्राकर, बाबा खान, जितेंद्र खरे, ओंकार ठाकुर, राजा शर्मा, उमा सोनी, शबनम बानो, निशा राजपूत, ज्योति ठाकुर, संध्या यादव, लक्ष्मी ठाकुर, त्रिवेणी ठाकुर, शकुंतला बघेल, कशिश ठाकुर, रेणु ठाकुर समीर खान लाल दस एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार दिया : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम शहर के नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 06 में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इसके पश्चात अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान व्यक्तित्व को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है। वो हैं हमारे भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर। डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को एक दलित परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही सामाजिक भेदभाव और छुआछूत जैसी अमानवीय चीजों को झेलते आए, लेकिन कभी हार नहीं मानी। कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की, उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने भारत के संविधान की रचना करते समय यह सुनिश्चित किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त हो।

उनके द्वारा बनाया गया संविधान आज भी हमारा सबसे मजबूत लोकतांत्रिक आधार है। हमें केवल उनको जयंती के समय ही याद नहीं करना है बल्कि उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करना है। उनके द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर भवन में संविधान गीत विमोचन कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू शामिल हुए। भवन में भगवान गौतम बुद्ध की पूजा अर्चना कर सभी की सुख, समृद्धि की कामना की।

## ये रहे उपस्थित

इस दौरान राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण माधवराव टांकसाले, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, सुधा साहू, सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, गोपाल वर्मा, भाऊराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष शर्मा, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, नंदू जलक्षत्री, शुभ्रा शर्मा, माखन पटेल, गोविंद ठाकुर, आनंद साहू, पीयूष साहू, सीता डोंडेकर, सुनैना ठाकुर, चंद्रशेखर बेलदार, धनेश्वरी सोनवानी, शरद राव, नईम खान, अभिषेक पांडे, सुरेखा कंवर, उषा पाल, सुनिता साहू, लक्ष्मी साहू, भगवती करकसे, हेमकांति देवांगन सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित आमजन उपस्थित रहे।

# भतकुंदा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भतकुंदा में भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के विचारों, सिद्धांतों और उनके द्वारा किए गए सामाजिक संघर्षों को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भतकुंदा पंचायत की सरपंच यशोदा भोई, उप सरपंच सत्यवती पटेल, रोजगार सहायक शोभा पटेल, किस्मत चौहान, नरेंद्र मिरी, हरेली बाई, शाखा राम पटेल, जगत चौहान, विजय पोर्टे, एम्बेसेडर (राजदूत) दिव्या सामल एवं अधिवक्ता जे.पी. मिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता जेपी मिरी ने कहा, ₹बाबा साहेब अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उन्होंने समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज भी हमें प्रेरित करती है। समाज में बदलाव लाने के लिए उनके विचारों को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

# ग्राम पंचायत सम्हर में डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई



**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत सम्हर में अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस दौरान ग्राम सभा के आयोजन के दौरान जिला पंचायत सदस्य रवि फ़रोदिया, विनोद दीवान, सरपंच किशोर कुमार साहू, उप सरपंच धनेश्वर पटेल, रोजगार सहायक भीषम निषाद सहित सभी पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रेरणा और संघर्ष की कहानी बयां करते हैं डॉ आंबेडकर: प्रो. करुणा दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल मध्यप्रदेश छग के आदेशानुसार 14 अप्रैल को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, वाणिज्य विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के द्वारा संविधान उद्देशिका का पाठन कराया गया साथ उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक ऐसे महान चिंतक, संविधान निर्माता और दलित समुदाय के लोकप्रिय नेता थे, जिन्होंने जीवनभर समाज से छुआछूत और जातिवादी मतभेदों को मिटाते हुए सभी के लिए समान अधिकारों की पैरवी की। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान को आकार दिया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ भी सदैव प्रखरता से आवाज उठाई। आज भी उनका संघर्षशाली जीवन और उनके



विचार हर भारतीय को प्रेरित करते हैं। उनके विचारों ने भारतीय जनमानस की चेतना जागकर, समाज को नई दिशा देने में मुख्य भूमिका निभाई। भारत में सभी के लिए एक समान अधिकारों और एकजुट भारत की नींव रखने में उनके विचारों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने बताया कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है बाबा साहब भीमाराव अंबेडकर का, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किए। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ऐसे ही एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे। हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरे भारत में अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान अखिलेश साहू एमएससी भौतिकशास्त्र 2 सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आरती बघेल बीए द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान एकता साहू बीएससी बायो द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ. सीमारानी प्रधान, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई, मनीषा प्रधान, परवीन नजीब हक, नम्रता तंबोली, विजय कुमार मिर्चे, मृणाली चंद्राकर, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, वरिष्ठ स्वयंसेवक सूरज प्रकाश वर्मा सहित अधिक संख्या में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल के बीड़ी कंपनियों से तेंदूपत्ता निविदा निरस्त करने जिला वनोपज संघ अध्यक्ष ने की अनुशंसा

**महासमुंद।** जिला वनोपज संघ महासमुंद के जिलाध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रबंध संचालक छग राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ को पत्र प्रेषित कर पश्चिम बंगाल में हिंदू विरोधी गतिविधियों को लेकर वहां के समस्त व्यापारियों के साथ तेंदूपत्ता निविदा निरस्त करने की अनुशंसा की है। श्री चंद्राकर ने उक्ताशय की प्रतिलिपि सीएम समेत वनमंत्री, प्रबंध संचालक तथा सांसद व समस्त विधायकों को प्रेषित की है। जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष चंद्राकर ने प्रेषित पत्र में कहा है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद एवं घुलियान जिले में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा चरम पर है। बांग्लादेश की तर्ज पर अपने ही देश भारत में हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहें है। उनके घरों में घुसकर उनसे मारपीट कर भगाया जा रहा है। सोशल मीडिया एवं प्रिंटमीडिया में मुर्शिदाबाद एवं घुलियान जिले में हिंदू नरसंहार की खबरें रोज प्रकाशित हो रहीं है। यदि, हिंदुस्तान में रहकर ही पश्चिम बंगाल की सोच देश विरोधी है, तो छत्तीसगढ़ से व्यापार करने का कोई औचित्य नहीं है। पश्चिम बंगाल जैसे देश विरोधी मानसिकता वाले राज्य के साथ छत्तीसगढ़ के शांतिप्रिय आदिवासी समाज के लोग व्यापार करने में असमर्थ है। शुरू से हमारा प्रदेश शांति एवं सौहार्द का संदेश वाहक रहा है। हम किसी भी देश विरोधी मानसिकता वाले के साथ ना ही व्यापार कर सकते हैं, और ना ही देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के साथ व्यापार करना पसंद करते हैं। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में अग्रिम नियुक्त क्रेताओं में से



पश्चिम बंगाल के क्रेता मुर्शिदाबाद बीड़ी वर्क्स धुलियान, जिला मुर्शिदाबाद (प.बं.), पताका इंडस्ट्रीज प्रा.लि. कोलकत्ता (प.बं.), आनंद बीड़ी फैक्ट्री, मुर्शिदाबाद (प.बं.) के साथ समस्त स्वीकृत निविदाओं को निरस्त करने की अनुशंसा प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर जिला वनोपज संघ महासमुंद के अध्यक्ष ने की है। कहा कि आगामी समय में पश्चिम बंगाल के किसी भी कंपनी के साथ हम तेंदूपत्ता का व्यापार नहीं करेंगे। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने उक्ताशय की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, बसना विधायक संपत अग्रवाल, सरायपाली विधायक चातुरी नंद तथा प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ महासमुंद को प्रेषित की है।



# शहीद स्मारक में स्वछता कार्यक्रम

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा के तहत महासमुंद ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक में स्वछता कार्यक्रम आज सुबह 8 बजे संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर उपस्थित रहे। महासमुंद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, रोहित चंद्राकर एवं इस कार्यक्रम के मंडल संयोजक साजन यादव सहसंयोजक परमानंद साहू, प्रेम साहू, पप्पू पटेल, ग्राम खरोरा से मुकेश चंद्राकर कौशल चंद्राकर, सरिता ढीढी, कलिता यादव, ग्रामीण महेंद्र सूर्यवंशी, भुनेश्वर चंद्राकर, युवराज सिंह चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आप द्वारा धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आम आदमी पार्टी द्वारा पार्टी कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 134 वीं जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर राकेश झाबक ने बताया कि हमारी पार्टी ने डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांतों का हमेशा सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद, डॉ. अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, उन्होंने भारतीय संविधान को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी दस्तावेज के रूप में तैयार किया। संविधान में उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मूल आधार बनाया। उन्होंने दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की ताकि उन्हें समान अवसर मिल सके। उनका यह कार्य भारत के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया।

हम डॉ.अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करें, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाएं, और भारत को एक सशक्त, समाज और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की ओर से राज्य सह-सचिव संजय यादव, जितेंद्र साहू, पूनाराम सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सामाजिक समानता के अग्रदूत रहे बाबा साहब आंबेडकर : भाजपा

**महासमुंद।** 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के निर्माता,भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, समरसता दिवस के रूप में मनाया। वार्ड 7 नयापारा और अंबेडकर चौक स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भारतीय राजनीति और सामाजिक समानता के उत्थान के लिए बाबा साहब अंबेडकर के दिये योगदान का स्मरण करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं दिया। समरसता दिवस के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा,जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका महामंत्री एमआर विश्वनाथन समेत भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बौद्ध समाज के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है : साहू

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम अछोला में अयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय अखंड संगीतमय राम कथा का भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने रसपान किया। तुषार साहू ने कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ है और बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। पति-पत्नी, भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहू सभी को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। रामायण हमें मर्यादा सिखाती है।



### गोस्वामी समाज ने किया कैलेंडर वितरण

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा हिंदू नववर्ष पर आधारित वार्षिक कैलेंडर का वितरण तथा वार्षिक सदस्यता अभियान का कार्य प्रारंभ किया गया। इस क्रम में समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा ग्राम लभरा कला, डोंगरीपाली, पचेड़ा तथा मामाभंचा में निवासरत गोस्वामी समाज के सदस्यों के घर जाकर कैलेण्डर वितरण किया गया तथा वार्षिक सदस्यता शुल्क लेकर रसीद प्रदान किया गया। साथ ही आगामी दो मई को रायपुर में आयोजित प्रांत स्तरीय आद्य शंकराचार्य जयंती समारोह का आमंत्रण दिया गया।
उन्होंने बताया कि अप्रैल माह के अंदर महासमुंद जिले में निवासरत समस्त गोस्वामियों के घर जाकर सदस्यता अभियान तथा कैलेंडर वितरण का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

# स्कूली छात्रों ने टेलीस्कोप से देखा ब्रम्हांड का रोचक नजारा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)**

- संस्कार समर कैंप में हुआ स्काई वॉचिंग वर्कशॉप, नवाचारी विज्ञान शिक्षकों का हुआ सम्मान

संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा पिथौरा नगर में आयोजित 40 दिवसीय संस्कार समर कैंप में बच्चों को विज्ञान और ब्रह्मांड की अनोखी दुनिया से रूबरू होने का अवसर मिला। प्रतिभा पब्लिक विद्यालय में आयोजित एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप में स्काई वॉचिंग खास आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान बच्चों ने टेलीस्कोप की मदद से सूर्य, चंद्रमा, तारों और ग्रहों का अवलोकन किया और ब्रह्मांड के रहस्यों को करीब से जाना।

एस्ट्रोनॉमी एक्सपर्ट अजय भोई और उनकी टीम के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्कशॉप ने बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई। बच्चों ने न सिर्फ खगोलीय घटनाओं की जानकारी प्राप्त की, बल्कि रात के आकाश में वास्तविक तारों और ग्रहों को देखने का रोमांच भी अनुभव किया। समर कैंप के डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु बनाना और ब्रह्मांड की अद्भुत दुनिया से जोड़ना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीओपी अजीत ओगरे ने कहा कि टेलीस्कोप के अविष्कार ने हमें ब्रह्मांड की सच्चाई से परिचित कराया। आज के बच्चे कहानियों से आगे बढ़कर विज्ञान के आधार पर सच्चाई जान रहे हैं, यह बहुत सुखद और प्रेरणादायक है। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल एवं युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने बच्चों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर जिले के विज्ञान क्षेत्र में नवाचार कर रहे शिक्षकों अजय कुमार भोई, सचिन प्रधान, हेमंत खुंटे, जगदीश सिन्हा, सुबोध तिवारी, विवेक वर्मा, रेखराज बघेल, छविराम पटेल, दिनेश देवांगन, लोकेंद्र ध्रुव, प्रेमचंद साव, डोलामणी साहू, अंतर्यामी प्रधान, सरोज साव, और आरती खालसा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त शिक्षकों ने संस्कार समर क्लासेस के माध्यम से बच्चों को विज्ञान सहित विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित करने की पहल का स्वागत करते हुए संस्था के डायरेक्टर गौरव चंद्राकर व सीमा चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस आयोजन में 300 से अधिक बच्चे, पालक, शिक्षक और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन का सफल संचालन साहित्यकार-पत्रकार संतोष गुप्ता ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन गौरव चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकार राजा बाबू उपाध्याय, राजेश साव, रमेश श्रीवास्तव, बद्री प्रसाद दुबे, चंदन पांडे और शिक्षकों की अहम भूमिका रही।

## कार्यक्रम : परसुली में मरार समाज के भवन का उद्घाटन विधायक ने किया

# समाज को आगे बढ़ाने माता-पिता बच्चों को दें बेहतर शिक्षा : यादव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा**

खल्लारी विधान सभा क्षेत्र के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम परसुली में नवनिर्मित मरार समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने की विशेष अतिथि के आसंदी पर लोचन पटेल जनपद सदस्य एवं संयोजक मरार समाज नर्राराज विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, पूर्व सरपंच मोतिन आनंद चक्रधारी, जनपद सदस्य लता कुम्हार, सरपंच जलसिंह चक्रधारी परसुली, सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, सरपंच परकोम, सरपंच प्रतिनिधि यादराम सिन्हा खट्टी, लीलाबाई दीवान सरपंच पंडरीपानी, किशोर चतुर्वेदी पूर्व सरपंच, राजेंद्र गुप्ता, प्रदीप यादव, मेघनाथ यादव, रोशन तारक, भोज चक्रधारी, मंगलुराम चक्रधारी आदि विराजमान रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत मां भगवती शांकभरी देवी की एक कुंडली हवन पूजन विधि विधान से वैदिक मंत्र उच्चारण कर समाज के संयोजक लोचन पटेल के द्वारा विधि विधान हवन पूजन कर पूर्णाहूति दी गई जिसमे समाज के लोग शामिल हुए इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया इसके बाद दोपहर 12 से 3 बजे तक लोकगीत पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन हुआ फिर अतिथियों का आगमन जैसे ही विधायक यादव काफिला ग्राम परसुली की सीमा पर पहुंचा मरार समाज के पदाधिकारियों समेत ग्रामीणजनों ने बाजे गाजे व पटाखे फोड़ फूलमाला अतिशबाजी के साथ साथ विधायक यादव का स्वागत किया, फिर पैदल चलकर मंच तक पहुंचे विधायक ने सर्व प्रथम माता शांकभरी की पूजा अर्चन कर मां शांकभरी से आशीर्वाद लिए। इसके बाद नवनिर्मित भवन का उद्घाटन रिबन काट कर किया। इसके बाद समाज के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान फूल माला, बैच, स्मृति चिन्ह एवं शाल गमछा देकर किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक भवन बनने से विभिन्न आयोजनों में सहूलियत हो सकेगी। उन्होंने ये भी कहा शिक्षा से ही मंजिल प्राप्त की जा सकती है। माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि समाज आगे बढ़ सके। समाज में शिक्षा को जरूरी बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुरुषोत्तम पटेल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पांच लाख रुपए भवन निर्माण के लिए विधायक यादव के प्रति समाज आभारी है। वहीं विशेष अतिथि जनपद सदस्य लोचन पटेल ने नर्रा में महाविद्यालय, आई टीआई, जोंक नदी में दो-तीन जगह नर्रा घाट, परकोम बनियातोरा घाट में यदि स्टाप डेम बनाने की मांग रखी।

इस दौरान समाज प्रदाधिकारियों ने भवन की सुरक्षा के लिए आहाता निर्माण की मांग की जिस पर विधायक जी ने बरसात लगने से पहले हैंडपंप देने हेतु एवं आहता के लिए अगामी एक वर्ष के बाद देने की घोषणा किए। कार्यक्रम की समापन की घोषणा समाज के संरक्षक सेतराम पटेल ने की। वहीं मंच का संचालन नरेंद्र पटेल ने किया।

इस दौरान समाज के पदाधिकारी संरक्षक सेतराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, उप कोषाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, महा सचिव संगठन सचिव अमरसिंह पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी ललित पटेल, संगठन महामंत्री पदुम लाल पटेल, सलाहकार गणेश पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, जागेश्वर पटेल, भीखूराम, पंच कपूरचंद पटेल, मुरली पटेल, रामेश्वर पटेल, ईश्वर पटेल, महेंद्र पटेल, दशरथ पटेल, मेघराज पटेल, नोहर पटेल, लोकनाथ पटेल, शुक्ला पटेल, ओमसिंह पटेल, पूरन पटेल, दयालु पटेल, देवकी पटेल, ऐशन पटेल, ममता पटेल, सोहद्रा पटेल, पुष्पा पटेल, तुमन पटेल, हारबाई पटेल समेत समाज व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# उखरा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा**

ग्राम उखरा में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जय बजरंग समिति उखरा (लामीसरार) के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर बजरंग समिति उखरा के अध्यक्ष रुपेन्द्र कुमार पांडे, सचिव जय प्रकाश प्रधान एवं सदस्यों के द्वारा संध्या भजन के रूप में लोकगीत पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम उखरा के प्रतिभावान छात्र छात्रों को प्रोत्साहित करने तथा निरंतर आगे बढ़ने की अपेक्षा के साथ कक्षा 10वीं, 12वीं में 75% प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी, खेल के क्षेत्र में एवं कला के क्षेत्र में हो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि के हाथों से सम्मान किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ताजेश्वर दीवान जीडी एसपी उप पुलिस अधीक्षक, सेतराम राणा शिक्षक शाउमावि बोइरगांव विराजमान रहे। इस कार्यक्रम में ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### रामायण सम्मेलन में शामिल हुई जनपद सदस्य

**महासमुंद।** ग्राम छिलपावन में तीन दिवसीय रामायण कार्यक्रम में जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू शामिल हुई। इस दौरान सरपंच राधेश्याम पटेल, सुनीता पटेल, उपसरपंच संतोष डहरिया, भागीरथी पटेल, कैलाश देवांगन, जोरा पटेल, तरूण संख आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रामनवमी और रामायण आयोजनों में अमर की रही विशेष सहभागिता



**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

जिले में रामनवमी और रामायण के अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाजसेवी अमर चंद्राकर की सहभागिता इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते चार दिनों में उन्होंने अछोला, अछोली, भोरिंग, खमतरी, तुमगांव, कांपा, केडियाडीह, गोपालपुर, अछरीडीह, बरबसपुर, बढ़गांव सहित अन्य कई गांवों में कुल 20 कार्यक्रमों में भाग लिया और ग्रामीणों के साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संवाद स्थापित किया।

अमर की यह सक्रियता केवल उपस्थिति तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने हर एक गांव में आयोजकों और श्रद्धालुओं से घनिष्ठ रूप से संवाद स्थापित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में श्रीराम के आदर्शों, रामायण की सामाजिक प्रासंगिकता और रामनवमी जैसे पर्वों की एकजुटता बढ़ाने वाली भूमिका पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने जनमानस को प्रभावित किया और युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। हर गांव में स्थानीय नागरिकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया और आयोजनों में उनकी सहभागिता को सराहा। गांव अछोला में आयोजित रामायण पाठ में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कहा कि "श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हैं। उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही रामनवमी मनाने का सही उद्देश्य है।" इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से आपसी भाईचारे को बनाए रखने और युवा पीढ़ी को संस्कृति की ओर प्रेरित करने का आह्वान किया।



### अंकित ने माना आभार

**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार इस साल भी अंकित बागबाहरा ने पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल से केक कटवाकर आशीर्वाद लिया। अंकित ने बताया कि पूरे क्षेत्र, जिले, प्रदेश व देश से जन्मदिन के संदेश व फोन के माध्यम से शुभकामना संदेश व आशीर्वाद मिला। अंकित ने सभी का दिल की अनंत गहराइयों से धन्यवाद दिया और कामना की कि सभी का प्रेम और आशीर्वाद ऐसा ही सदैव बना रहे।

# भारतीय सेना का आदर्श वाक्य, स्वयं से पहले सेवा है : रिटायर्ड कर्नल हरींद्र त्रिपाठी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में जिला महासमुंद से चयनित अग्निवीर युवाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद इकाई महासमुंद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल डॉ हरींद्र त्रिपाठी,प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, विशेष अतिथि हुलसी चंद्राकर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, वीणा चंद्राकर सरपंच खरोरा रहे। सर्वप्रथम राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। पश्चात पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नवनियुक्त अग्निवीर डोमन कुमार, मोनेश कुमार, भूपेश कुमार,शिवम शर्मा संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर एवं तुषार प्रधान को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। हुलसी चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित अग्नि वीर योद्धाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कर्नल हरींद्र त्रिपाठी ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को उनके मार्गदर्शन एवं मेहनत के लिए बधाई देते हुए बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा निःशुल्क अग्निवीर प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेवा में चयन होना अत्यंत गौरव की बात है। स्वयं से पहले देश सेवा करना ही एक सैनिक का कर्तव्य होता है। आर्मी में स्वास्थ्य बीमा, आवास, परिवहन छूट, भत्ते एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात अन्य नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलता है।



पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने उपस्थित जनसमूह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि दिल में जुनून और दिमाग में यदि दृढ़ संकल्प हो तो सफलता निश्चित होती है। इस अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में चयनित अग्नि वीर के परिवार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य एवं उनके परिवार,अखिल भारतीय मातृशक्ति सेवा परिषद की प्रदेश अध्यक्ष पारुल त्रिपाठी, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश चंद्राकर एवं नगर वासी मौजूद रहे।

# कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर कर आदिवासियों की जमीन बेचने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

## प्रमुख सचिव छ.ग. शासन को पत्र प्रेषित कर पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कार्रवाई की मांग की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर कर आदिवासियों के जमीन को खरीद-फरोख्त मामले में विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद पुनः आदिवासियों के नाम पर उक्त जमीनों को हस्तांतरित करने के आदेश को लगभग 13 वर्ष बीतने के बाद भी आदेश का पालन नहीं होने के पर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रमुख सचिव छ.ग. शासन को पत्र प्रेषित कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

श्री चंद्राकर ने प्रमुख सचिव छ.ग. शासन को प्रेषित पत्र में बताया है कि जिला महासमुन्द अंतर्गत भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) एवं 165 (7) के तहत कलेक्टर महासमुंद के फर्जी हस्ताक्षर से अनुमति प्राप्त कर आदिवासी / काबिजकास्त जमीनों का क्रय-विक्रय किया गया है। शिकायत पश्चात छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग के आदेशानुसार जांच की गई। जिसमें 108 प्रकरण कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर से अनुमति आदेश होना पाये जाने के बाद, इसमें वैधानिक कार्रवाई की गई। 108 प्रकरणों से भिन्न 23 प्रकरण जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा छिपाया गया था, शिकायतकर्ताओं द्वारा पुनः 23 प्रकरण मय दस्तावेज के सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोई कार्रवाई नहीं होने पर स्मरण पत्र भी कलेक्टर महासमुंद को दिये गये एवं विधानसभा प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण के माध्यम से शासन को अवगत कराया गया। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद / पिथौरा द्वारा कार्रवाई आदेश आदिवासी भू-स्वामी के हक में दर्ज करने पारित किया गया।



चंद्राकर ने कहा कि आज आदेश पारित हुए लगभग 12-13 वर्ष हो गये हैं। लेकिन उक्त आदेश का पालन नहीं किया गया है। आज भी फर्जी आदेश से विक्रयशुदा भूमि क्रय करने वाले व्यक्ति के नाम पर ही भू-रिकार्डों में दर्ज है। उक्त जमीनों को आदिवासियों के नाम पर दर्ज नहीं किया गया है। जिससे भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन परिलक्षित हो रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) एवं 165 (7) के तहत फर्जी आदेश बनाने एवं इस कृत्य में संलग्न व्यक्ति के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण भी दर्ज नहीं कराया गया। कार्रवाई के लिए छग विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से शासन के ध्यान में लाया गया। जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा में भी गलत जानकारी दी गई, कि इस मामले में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। जबकि, कलेक्टर महासमुंद के उस समय के कार्यरत रीडर स्व. भागवत रात्रे एवं उनके परिवार के विरूद्ध इस प्रकरण से भिन्न अन्य प्रकृति के प्रकार के अपराध पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था, जो कि इस प्रकरण से भिन्न है। इस तरह छत्तीसगढ़ विधान सभा में भी अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी देकर गुमराह किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महासमुंद / पिथौरा द्वारा पारित आदेशों का पालन अभी तक न किया जाना जिला प्रशासन पर संदेह प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा कि भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) के तहत दिये गये आदेशों का पालन करते हुए आदिवासियों के नाम से भू-राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाना एवं ऐसे कूटरचित आदेशों को बनाने वालों के विरूद्ध जनहित में अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना आवश्यक है, ताकि, छग के आदिवासियों के हक व अधिकारों से कुठाराघात करने वाले भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के माध्यम से एक सबक मिल सके। अतः इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता है। जिससे जमीन के असली मालिक आदिवासियों को उनका अधिकार मिल सके।

